प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
24.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

आपदा प्राधिकरण

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आगामी एक अक्तूबर से अपना प्रमुख जन–जागरूकता अभियान ''समर्थ 2025'' आयोजित करेगा। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान में राज्य में आपदा तैयारी, सुरक्षित निर्माण प्रथाओं और समुदायिक लचीलेपन को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। राजस्व व आपदा प्रबंधन के निदेशक व विशेष सचिव डीसी राणा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के उपलक्ष्य में राज्य आपदा प्राधिकरण ने वर्ष 2011 में समर्थ का शुभारम्भ किया था और तब से ये आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर एक राज्यव्यापी वार्षिक अभियान में विकसित हुआ, जो हर साल अक्तूबर में मनाया जाता है। उन्होंने ये भी कहा कि राज्यस्तरीय समारोह 13 अक्तूबर को शिमला में आयोजित किया जाएगा, इसके अलावा आपदा की तैयारी और प्रतिक्रिया उपकरण, प्रौद्योगिकियों के उत्पादों पर 5 दिवसीय प्रदर्शनी भी आयोजित होगी।

सेवा पर्व–सेमीकंडक्टर मिशन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से प्रेरित सरकार परिवर्तन और प्रगति की दिशा में लगातार काम कर रही है। आज इस विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में हम आपके लिए ला रहे हैं कि मोदी सरकार कैसे भारत सेमीकंडक्टर मिशन के माध्यम से भारत के भविष्य को आकार दे रही है।
वीओ.......

सेवा पर्व–हिमाचल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितंबर से शुरू हुए सेवा पर्व के तहत हिमाचल प्रदेश में लगातार विभिन्न कायक्रम जारी है विस्तृत ब्योरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी।

सेवा पर्व के तहत प्रदेश में रोजाना कई कार्यक्रम आयोजित हो रहे है, इसी कड़ी में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने कल मनाली में कार्यकर्ताओं के साथ एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। युवा पीड़ी और बच्चों को इसी पर्व से जोड़ने के लिए स्कूलों व विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से भी विभिन्न तरह की प्रतियेगिताएं अयोजित हो रही है। भाजपा ने सेवा पर्व के तहत 2 अक्तूबर तक प्रदेश में एक सौ 74 स्वास्थ्य शिविर, एक सौ 88 रक्तदान शिविर सहित पौधरोपण व फल वितरण कार्यक्रम आयोजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

नवरा्त्र

शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन आज श्रद्धालु मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की अराधना कर सुख–समृद्धि की कामना कर रहें हैं। मां का ये स्वरूप परम शांति दायक और कल्याणकारी है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत धूप के साथ हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि पूरे मॉनसून सीजन में अब तक एक हजार 23 दशमलव 4 मिलिमीटर बारिश हुई है जो सामान्य से 43 प्रतिशत ज्यादा रिर्काड की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से मॉनसून अब कभी भी विदा ले सकता है जिसको लेकर स्थिति अनूकुल बनी हुई है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

आज अधिकतर अखबारों ने बहुचर्चित युग हत्या कांड मामले को अपनी प्रमुख खबर बनाया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–हाईकोर्ट ने सात साल बाद फांसी का फैसला पलटा, दो दोषियों को उम्रकैद, एक बरी। हिमाचल दस्तक व आपका फैसला के एक जैसे शब्द है–दो की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदला। दैनिक जागरण के शब्द है–अतिंम सांस तक जेल में रहेंगे युग के दो दोषी।

राज्य सरकार ने सीमेंट पर कर दर में किया संशोधन शीर्षक से दैनिक भास्कर ने लिखा है–अब प्रति बोरी वसूला जाएगा 16 रूपए टैक्स –विभाग ने जारी की अधिसूचना– इस फैसले का भाजपा ने जताया विरोध।

———————————————————————————